# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025




## खबर संक्षेप



### पूनम सिंह आर्मो का नेशनल फुटबॉल टीम में चयन

**सूरजपुर।** जिले के सेजस हिंदी माध्यम विद्यालय उमेश्वरपुर प्रेमनगर की कक्षा 11वीं की छात्रा पूनम सिंह आर्मो आ.उत्तम सिंह आर्मो ने अपनी प्रतिभा से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पूनम का चयन नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। पढ़ाई के साथ-साथ पूनम खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने गत वर्ष कक्षा 10वीं में 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार को गौरवान्वित किया था। अब नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में चयनित होकर उन्होंने दोहरा गौरव अर्जित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती अमीन बाई पैकरा उनके गृहनिवास तारकेश्वरपुर पहुंचीं। उन्होंने पूनम को फुटबॉल किट प्रदान कर उत्साहवर्धन किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूनम के पीटीआई कोच रावेंद्र वर्मा, अमलेश्वर पैकरा, सुभाष साहू, रुनीया देवी, पुष्पा सिंह, संदीप दास एवं परिजन उपस्थित रहे। पूनम के चयन से विद्यालय सहित तारकेश्वरपुर और उमेश्वरपुर में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

### डीएवी स्कूल बिश्रामपुर की नई प्राचार्य होंगी अनामिका भारती

**बिश्रामपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के प्राचार्य का स्थानांतरण हो गया है,यहां पर अब कोरबा डीएवी स्कूल की प्राचार्या अनामिका भारती को पदस्थ किया गया है,गौरतलब है कि डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में पदस्थ प्राचार्य एचके पाठक का तबादला जगदलपुर के बचेली कर दिया गया है,उनके स्थान पर कोरबा से अनामिका भारती को बिश्रामपुर डीएवी पब्लिक स्कूल का नया प्राचार्य बनाया गया है,बताया जा रहा है कि निवर्तमान प्राचार्य एचके पाठक मंगलवार को रिलीव भी हो गए हैं,ज्ञात हो कि निवर्तमान प्राचार्य एचके पाठक डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में 22 अगस्त 2022 से पदस्थ थे।

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने अजय चतुर्वेदी को किया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** कोरिया जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में आयोजित कोरिया साहित्य महोत्सव कोसम की परिचर्चा मुख्य वक्ता के रूप में अजय कुमार चतुर्वेदी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ का इतिहास संस्कृति एवं अनूठी परंपरा विषय पर उन्होंने विभिन्न शोध तथ्यों को प्रस्तुत किया। महोत्सव में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने उन्हें स्मृति चिन्ह, शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर कोसम सम्मान से सम्मानित किया।



### आईसेक्ट द्वारा शहर में निकाली गई कौशल विकास यात्रा



**बलरामपुर।** देश की अग्रणी कौशल और उच्च शिक्षा संस्थान आईसेक्ट द्वारा कौशल रथ- कौशल विकास यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा 6 अक्टूबर से शुरू होकर 20 राज्यों के 300 जिलों में फैले 500 स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंची और लाखों विद्यार्थियों, युवाओं तथा शिक्षकों को कौशल विकास और भविष्य की तकनीकों से अवगत कराया। इस वर्ष की यात्रा का मुख्य आकर्षण एआई लिट्रेसी मिशन रहा। आईसेक्ट के विशेष रूप से तैयार किए गए कौशल रथ के माध्यम से गांव-गांव और शहर-शहर तक एआई, एआर/वीआर जैसी भविष्य की तकनीकों से संबंधित जानकारी, डेमो और प्रशिक्षण सामग्री प्रदान की गई। यात्रा के दौरान निःशुल्क एआई सेमिनार, कार्यशालाएं, करियर काउंसलिंग सत्र और तकनीकी प्रदर्शनी आयोजित किए गए। आईसेक्ट के प्रवक्ता विकास रवि ने कहा कि कौशल विकास यात्रा 2025 केवल एक शैक्षणिक अभियान नहीं है, बल्कि यह युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने, रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है। कन्या महाविद्यालय के प्रचार्य अगस्टिन कुजूर ने आईसेक्ट के इस प्रयास की सराहना की।

### 74 प्रतियोगियों ने दी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, भारतीय सभ्यता, संस्कृति, इतिहास, आध्यात्म और जीवन दर्शन के सवाल पूछे गये। परीक्षा में 74 प्रतियोगियों ने भागीदारी की। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षार्थियों को भारतीय ज्ञान परम्परा से सम्बंधित पुस्तक उपलब्ध करायी गयी थी जिसके तथ्यों पर आधारित परीक्षा हुई। परीक्षा पूर्व प्रतिभागियों को भारतीय ज्ञान और विरासतों को लेकर प्रेरित किया। ओएमआर शीट पर हुई परीक्षा की बुकलेट सभी को उपलब्ध कराया गया। परीक्षा संचालन में सहायक प्राध्यापक नीतू सिंह, सगुफ्ता नाज, स्वाती शर्मा, शैली सिन्हा, तुलिका सिन्हा आदि ने सहयोग किया।

## ननि के जोन क्रमांक 3 में हुआ तीन करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से नहीं किया जाएगा समझौता, होगी कार्रवाई: मंजूषा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- डामरीकरण के साथ ही सीसी सड़क, नाली व अन्य कार्य शामिल

मंगलवार को नगर निगम सरकार में डामरीकरण, सड़क व नाली निर्माण जैसे कार्यों की शुरुआत हो गई है। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने शहर के सिंचाई कॉलोनी स्व. रवि त्रिपाठी चौक के समीप लगभग 3 करोड़ की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया। बड़ी बात यह है कि आने वाले दिनों में शहर में 18 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जाने है।

कलेक्टर बंगला रोड में सड़क डामरीकरण सहित 3 करोड़ की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत पूजा अर्चना के बाद भूमि पूजन किया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि चुनाव जीतकर सरकार में आने के बाद यह उनके कार्यकाल के पहले विकास कार्य का भूमि पूजन है। जोन क्रमांक 3 में लगभग तीन करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्य किए जाने है जबकि शहर में 18 करोड़ रुपए की लागत से काम किए जाएंगे। विकास कार्यों के लिए शहर के 48 वार्डों को कुल 5 जोन में बांटा गया है। आज पहले भूमि पूजन के साथ विकास कार्यों की शुरुआत की गई है, इसी तरह के विकास के लिए सभी जगह भूमि पूजन होना है। उन्होंने कहा कि इस बार समय से पहले बारिश आई जिससे सड़कों के मरम्मत का कार्य नहीं हुआ और बारिश में लोगों को जर्जर सडक और गड्ढों से परेशानी हुई और इसके लिए जनता से माफी मांगती हूं लेकिन अब बारिश समाप्त हो गई है और शहर में डामरीकरण, सीसी सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेवर ब्लॉक के कार्य किए जाएंगे। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण करने के साथ ही अनुबंध भी हो गए है। सबसे पहले खस्ताहाल सड़कों के मरम्मत को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि शहर में होने वाले विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसके लिए मुझे रात दिन मॉनिटरिंग करनी पड़ी तो करूंगी। जो इमानदारी से काम करना चाहते है वही रहेंगे यही मेरा अधिकारियों को सन्देश है इसके साथ ही निर्माण की गुणवत्ता खराब होने पर सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि मां महामाया से ही शहर की पहचान है इसलिए 11.59 करोड़ की लागत से महामाया मंदिर कॉरिडोर निर्माण के साथ ही महामाया तालाब का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा।

भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने कहा कि बरसात के समय कांग्रेस के लोग बहुत हल्ला करते रहे कि नगर निगम में काम नहीं हो रहा, अब काम शुरू हो रहा है तो उन्हें भी आकर देखना चाहिए। इस अवसर पर नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टीन्नी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में आज से शुरू हुआ निर्माण कार्यों का सिलसिला लगातार चलने वाला है। विष्णु देव साय सरकार का संकल्प हमने बनाया है हम ही संवारेंगे जरूर पूरा होगा क्योंकि विकास कार्यों के लिए सरकार के पास पैसों की कोई कमी नहीं है। कार्यक्रम को पूर्व सभापति ललन प्रताप सिंह, पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा, पार्षद आलोक दुबे तथा पार्षद मनोज गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पीडब्ल्यूडी प्रभारी मनीष सिंह ने तथा आभार प्रदर्शन नगर निगम आयुक्त डीएन कश्यप ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष, श्रीमती अरुणा सिंह, अंबिकेश केशरी, करता राम गुप्ता, अभिमन्यु गुप्ता, संतोष दास, अनिल जायसवाल, अभिषेक शर्मा, कैलाश मिश्रा, विवेक दुबे, अनिल तिवारी, रमेश जयसवाल, रवीन्द्र गुप्त भारती, जितेंद्र सोनी, विशाल गोस्वामी, श्रीमती श्वेता गुप्ता, श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, सुशांत घोष, श्रीमती अनीता रवीन्द्र गुप्त भारती, शशिकांत जायसवाल, रविकांत उरांव, छोटू पांडे, शैलेश सिंह, छोटू मेराज, डॉ. शिवमंगल सिंह, निरंजन राय, राहुल त्रिपाठी, दीपक गर्ग, तथा नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।



भूमि-पूजन करती महापौर, सभापति एवं अन्य।

### इन वार्डों में शुरू होगा काम

शहर के 48 वार्डों को ननि ने 5 जोन में बांटा है। मंगलवार को पहले चरण में जोन क्रमांक 3 में शहर के वार्ड क्रमांक 20, 21, 22, 23, 24, 29, 30, 31, 36 व 37 में कुल 291.52 लाख के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया है। इसमें डामरीकरण हेतु 147. 81 लाख, नाली निर्माण हेतु 69.57 लाख, सीसी रोड निर्माण हेतु 65.6 व पेवर ब्लॉक निर्माण हेतु 8.50 रुपए कार्य कराए जाने है।

### छोटे व्यवसायियों को हुए नुकसान के लिए मांगी माफी

शहर में इन दिनों सड़क किनारे संचालित ठेले गुमटियों को हटाने का काम चल रहा है। अब तक शहर के चौपाटी के समीप, स्कूल रोड, कोर्ट के समीप सहित अन्य स्थानों से ठेले गुमटियों को हटाया गया है जबकि बनारस रोड और एमजी रोड के ठेले गुमटी संचालकों को भी नोटिस दिया गया है। दीपावली के ठीक पहले इस कार्रवाई से ठेले गुमटी संचालकों का व्यवसाय पूरी तरह से ठप हो गया है। ननि द्वारा ठेले गुमटी संचालकों को पुराना बस स्टैंड में शिफ्ट करने की व्यवस्था भी की गई है लेकिन ज्यादातर गुमटी संचालक पुराना बस स्टैंड नहीं जाना चाहते है। ऐसे में महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यह कार्रवाई की गई लेकिन ठेला गुमटी संचालकों का व्यवस्थापन किया जा रहा है लेकिन वे जाने को तैयार नहीं है। उनकी सोंच है कि सड़क पर ठेला लगाने से ही व्यवसाय होगा और वे हमारी वयवस्था को नहीं मान रहे है। हम जल्द ही कंपनी बाजार को सब्जी मंडी में शिफ्ट करने जा रहे है जिसके बाद यहां छोटी छोटी गुमटियों के माध्यम से चौपाटी निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो नुकसान हो रहा है उसके लिए खेद जताते हुए माफी मांगती हूं, दीपावली के समय यह कार्रवाई नहीं होनी चाहिए थी यह गलती मुझसे हुई है।

## विवादों में घिरा नपं कार्यालय, आरटीआई कार्यकर्ता और पार्षद के बीच विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- वायरल हो रहा वीडियो, पुलिस ने दर्ज किया अपराध

नगर पंचायत कार्यालय एक बार फिर विवादों में घिर गया है। 13 अक्टूबर की दोपहर लगभग 1.30 बजे नगर पंचायत कार्यालय में आरटीआई कार्यकर्ता विकास गर्ग उर्फ बाबू चिनार और नगर पंचायत अध्यक्ष पति एवं पार्षद दिनेश साहू के बीच गाली-गलौज और हाथापाई की घटना सामने आई है। इस पूरे प्रकरण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार आरटीआई कार्यकर्ता विकास गर्ग नगर पंचायत कार्यालय में सूचना के अधिकार के तहत आवेदन अंग्रेजी भाषा में देने पहुंचे थे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ विद्यासागर चौधरी ने अंग्रेजी की बजाय हिंदी में आवेदन देने की बात कही और अंग्रेजी आवेदन को रिसीव करने से मना कर दिया। इसी दौरान पार्षद दिनेश साहू कार्यालय पहुंचे और विकास गर्ग को समझाने का प्रयास किया लेकिन बात बढ़ते-बढ़ते विवाद, गाली-गलौज और मारपीट तक पहुंच गई। कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद मामला सुर्खियों में है। घटना के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, उनके पति दिनेश साहू, सीएमओ विद्यासागर चौधरी तथा अन्य कर्मचारी लखनपुर थाने पहुंचे और आरटीआई कार्यकर्ता विकास गर्ग के खिलाफ आवेदन दिया जिसपर पुलिस ने बीएनएस की धारा 221 और 296 के तहत मामला दर्ज किया है। दूसरी ओर आरटीआई कार्यकर्ता विकास गर्ग उर्फ बाबू चिनार ने भी थाने में आवेदन देकर पार्षद दिनेश साहू पर गाली-गलौज, मोबाइल फेंकने, ब्लूटूथ तोड़ने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी कहा कि घटना के बाद से उन्हें और उनके परिवार को जान का खतरा है, इसलिए उन्होंने सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा नगर पंचायत कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज की जांच की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार ने बताया कि गाली-गलौज और मारपीट के मामले को लेकर दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच की जा रही है, रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दी गई है शिकायत

विकास अग्रवाल नपं कार्यालय में अंगेजी में सूचना का अधिकार के तहत आवेदन दे चुके है और उन्हें नियमानुसार जानकारी भी दी गई है। अंग्रेजी भाषा में आवेदन देने पर जानकारी देने में समय लगता है। यही बात उन्हें समझाया जा रहा था लेकिन वे तत्काल पावती देने के साथ विवाद कर कार्यालयीन समय में कार्य में बाधा उत्पन्न करते है। 13 अक्टूबर को भी अध्यक्ष पति दिनेश साहू से सूचना के अधिकार को लेकर विवाद हुआ। ऐसे में नपं के कर्मचारियों ने थाने में शिकायत दी है।

-**विद्यासागर चौधरी**, नगर पंचायत सीएमओ



### ग्राम पंचायत नवाडीह में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की रही धूम

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत नवाडीह में छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही। नागपुरी, भोजपुरी गीतों की अनुपम प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। लखन लाल देवांगन आर्केस्ट्रा ग्रुप की प्रस्तुति से लोग झूमते नाचते नजर आए। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, राजेश गुप्ता, शिवकुमार जायसवाल, प्रफुल्ल गुप्ता, पपल जायसवाल, अमित सिंघल, शिबू सिंह, रितेश यादव, मोहन, शैलेश बाबा, रिंकू जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चार दिनों तक मंथन के बाद जिलाध्यक्ष के लिए 6 नाम लेकर लौटी टीम




हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पर्यवेक्षकों के संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चयन हेतु की रायशुमारी

सरगुजा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चयन हेतु चार दिनों तक चले मंथन के बाद पर्यवेक्षकों की टीम वापस लौट गई। टीम जिले से 6 उम्मीदवारों के नाम लेकर गई है। चार सदस्यीय टीम अब जशपुर जिले में जिलाध्यक्ष के लिए रायशुमारी करेगी। जशपुर रवाना होने से पहले मुख्य पर्यवेक्षक राजेश ठाकुर ने बताया कि नवंबर माह में जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा हो जाएगी। बता दें कि संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड राज्य के पूर्व अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर के नेतृत्व में 4 सदस्यीय पर्यवेक्षक दल का गठन किया था। इसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू, भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व संगठन महामंत्री अमरजीत चावला शामिल थे। मंगलवार को दरिमा, मैनपाट, बतौली और सीतापुर ब्लॉक में रायशुमारी के बाद राजेश ठाकुर ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने नए जिलाध्यक्ष के चयन के लिए 3 मानदंड तय किये थे। ऐसा व्यक्ति जो कांग्रेस की विचारधारा से ओतप्रोत हो, आम जन के दुखदर्द से जुड़ा हो, और आमजन की समस्याओं के लिए संघर्ष करने वाला हो ऐसा व्यक्ति जिलाध्यक्ष के लिए उपयुक्त रहेगा। 4 दिन के दौरे की समाप्ति पर उन्होंने कहा कि सरगुजा जिले में कांग्रेस का संगठन बेहद मजबूत है, कार्यकर्ता भी बेहद मौजूद हैं और आगामी अवसर में यह संगठन उम्मीदों पर खरा उतरेगा।

### सरगुजा कांग्रेस जिलाध्यक्ष की रेस में प्रमुख नाम

4 दिन चले इस रायशुमारी में मौजूदा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक सबसे मजबूत दावेदार के रूप में सामने आ रहे हैं। विगत 6 माह में संगठन का ढांचा खड़ा करने के साथ ही जिसपर पार्टी कार्यक्रमों को लेकर सक्रिय रहे यह बात उनके पक्ष में जा रही है। एक अन्य बात उनके पक्ष में जा रही है वो पार्टी के सभी आयुवर्ग में उनकी लोकप्रियता है। उनके अतिरिक्त श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद, खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष गुरुप्रीत बाबरा, प्रदेश महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा, उदयपुर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, अम्बिकापुर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनय शर्मा और नरेंद्र सिंह छाबड़ा का नाम प्रमुखता से आ रहा है।

### संगठन सृजन के लिए पहुंचे पर्यवेक्षक, की रायशुमारी

**धौरपुर।** कांग्रेस पार्टी में जिला अध्यक्ष चयन को लेकर लुण्ड्रा एवं धौरपुर में पहुंचे पर्यवेक्षक झारखण्ड के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा किया। पर्यवेक्षक एवं विधायक सावित्री मंडावी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में राजेश ठाकुर ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता सिर्फ जिलाध्यक्ष को नहीं चुन रहे बल्कि अपना एवं पार्टी का भविष्य भी चुन रहे है। सही आदमी का ही चयन करें। इस दौरान राजेश ठाकुर एवं सावित्री मंडावी ने बारी-बारी से कार्यकर्ताओं से चर्चा की। पर्यवेक्षक के तीन घंटे विलंब से पहुंचने के कारण कार्यकर्ताओं को लंबा इंतजार करना पड़ा। इस दौरान पीसीसी सदस्य सोमेश्वर प्रताप सिंह, राकेश गुप्ता, हरप्रीत बाबरा, शफी अहमद, विक्रम सिंह, गंगा प्रसाद सभी मण्डल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## बीच बचाव करने गए बुजुर्ग की पिटाई, अस्पताल में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


- पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार



करमा नाचने गए ग्रामीण को विवाद सुलझाना महंगा पड़ गया। बीच बचाव करने से नाराज युवक ने बुजुर्ग की बेदम पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अब मर्ग जांच उपरान्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। धौरपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लुंड्रा के ग्राम बकीला निवासी 62 वर्षीय नंदलाल दास आ. लोहरा दास 15 सितम्बर को ग्राम सखौली में रिश्तेदार मोहर साय के यहां करमा नाचने गया हुआ था। 16 सितम्बर की सुबह मोहर साय का पड़ोसी तिलक दास व उसका साला राकुमार पनिका उर्फ सोनू दास आपस में लड़ाई कर रहे थे। ऐसे में मृतक नन्दलाल ने बचाव करने का प्रयास किया जिसे तिलक दास भड़क उठा और बुजुर्ग नंदलाल को ही उठाकर जमीन पर पटक दिया और हत्या करने की नियत से पैर से पेट में मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए अस्पाल में भर्ती कराया गया था जहां 18 सितम्बर को उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मर्ग जांच उपरांत सखौली महादेवपारा निवासी 46 वर्षीय तिलक दास आ. गफूरन दास को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी तिलक दास को बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी धौरपुर अश्वनी दीवान, प्रधान आरक्षक संजय लकड़ा, आरक्षक पंकज देवांगन, सुशील मिंज, प्रदीप बखला सक्रिय रहे।

### कम्पनी आवासों में सेवानिवृत्ति के बाद भी कब्जा जमाए 25 लोगों को नोटिस

- समय सीमा के भीतर कम्पनी आवास खाली करने का दिया गया निर्देश




**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर में ड्यूटी से सेवानिवृत्ति के बाद भी अवैध रूप से कब्जा करने वाले 25 लोगों को आज मंगलवार को संपदा अधिकारी द्वारा सुनवाई हेतु नोटिस जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि एसईसीएल बिश्रामपुर कालोनियों में सेवानिवृत्ति के लंबे समय बाद भी अवैध कब्जा कर रखने मामले में एसईसीएल बिश्रामपुर के संपदा अधिकारी द्वारा मंगलवार को 25 कब्जाधारी पूर्व कर्मियों को नोटिस जारी कर समय सीमा के भीतर कम्पनी आवास खाली करने का निर्देश जारी किया गया है,बताया गया कि कुछ लोगों द्वारा नोटिस लेने से मना करने पर उनके कब्ज़ा किये आवासों की सामने दीवार पर नोटिस को चस्पा कर दिया गया है,नोटिस के जवाब हेतु तिथि भी जारी कर दी गई है।

### एसईसीएल ने दी 2 प्लास्टिक रिवर्स वेंडिंग मशीन



**बैकुण्ठपुर।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) गतिविधियों के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए कोरिया जिला प्रशासन को दो प्लास्टिक रिवर्स वेंडिंग मशीनें प्रदान की हैं।

इन मशीनों की स्थापना से जिले में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी तथा ठोस प्लास्टिक कचरे से पर्यावरण को होने वाले दुष्प्रभावों को कम किया जा सकेगा। यह पहल स्वच्छता और हरित पर्यावरण की दिशा में एसईसीएल का एक महत्वपूर्ण कदम है। इन मशीनों के माध्यम से लोग उपयोग किए गए प्लास्टिक को जमा कर सकेंगे, जिससे उन्हें पर्यावरण हितैषी तरीके से पुर्नचक्रण के लिए भेजा जा सकेगा, इससे न केवल जिले में स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि प्लास्टिक मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में भी एक ठोस योगदान होगा। एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र सदैव समाज एवं पर्यावरण के सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी इसी तरह की जनहितकारी गतिविधियां जारी रखेगा।

### रिहायशी इलाके में दहशत मचा रहा भालू

**अनूपपुर।** जिले के वन परिक्षेत्र कोतमा के लतार सर्किल अंतर्गत कक्ष क्रमांक आरएफ 456 एवं पी 460 तथा उसके आसपास जमुना कॉलोनी वार्ड क्रमांक 6 एवं 7 में तीन-चार महिने से जंगली वन प्राणी भालू रिहायशी क्षेत्र में निरंतर प्रवेश कर है और इसके पूर्वी कई बार भालू की दस्तक इस क्षेत्र में हो चुकी है। भालू के क्षेत्र में निरंतर आगमन होने से जहां क्षेत्र में रहने वालों को जान माल पर खतरा बना हुआ है, तो वहीं संरक्षित वन प्राणी भालू के जीवन पर भी खतरा बना हुआ है, ऐसी स्थिति में मानव जीवन एवं वन प्राणी के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल रिहायशी क्षेत्र में निरंतर विचरण करने वाले वनप्राणी भालू को पड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए जिससे कि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सेमिनार

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डॉ. आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चिकित्सा विभाग से डॉ. पूर्णिमा सिंह एवं डॉ. मेघा गुप्ता आमंत्रित रहीं, जिन्होंने मानसिक स्वास्थ्य का महत्व एवं उसका प्रभाव विषय पर अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच तथा मानसिक संतुलन बनाए रखने के व्यवहारिक उपायों की जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी संकेत शर्मा एवं प्राचार्य नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### पटाखा दुकानों में बरतें विशेष सावधानी

**बैकुंठपुर।** जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने जानकारी दी है कि त्यौहारों में लगाए जाने वाले पंडाल एवं अस्थायी संरचनाओं में आग की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए आईएस स्टैण्डर्ड के तहत कार्य किया जाएगा। पटाखा दुकान में किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट नहीं होना चाहिए, जबकि अज्वलनशील सामग्री से बने टिन द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक-दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी पर एवं एक-दूसरे के सामने न बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था के लिए किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होंगी, विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। दुकान ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके उपर से हाईटेंशन पावर लाइन न गुजरती हो।

तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



2 निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से नहीं किया जाएगा समझौता, होगी कार्रवाई: मंजूषा




## खबर संक्षेप

### लोकसभा अध्यक्ष बनें रमाशंकर

**मनेन्द्रगढ़।** आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा छग में संगठन विस्तार लगातार जारी है। इसी क्रम में पार्टी ने प्रदेश इकाई, सभी लोकसभा क्षेत्रों और जिलों में नए और उत्साही पदाधिकारियों की नियुक्तियों की हैं। इसमें जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के वर्तमान जिलाध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा को कोरबा लोकसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### बौरीड़ाड पंचायत में पोषण और स्वच्छता जागरूकता

**मनेन्द्रगढ़।** बौरीड़ाड पंचायत में बच्चों और महिलाओं को पोषण और स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रवेक्षक श्रीमती शिल्पा अग्रवाल ने तिरंगे भोजन के महत्व और इसे अपने दैनिक आहार में शामिल कर संतुलित व पोषण युक्त थाली बनाने के तरीके बच्चों और महिलाओं को समझाए। इसके पश्चात स्वच्छता समन्वयक श्रीमती प्रभा प्यासी ने स्वच्छता अपनाने के महत्व को बताते हुए बताया कि किस प्रकार हम मौसमी और छोटी-छोटी बीमारियों से बच सकते हैं।

### उपार्जन के लिए बनाए गए 16 पंजीयन केन्द्र

**अनूपपुर।** खरीफ वर्ष 2025 में जिले में कोदो कुटकी का उपार्जन कार्य किया जाना है। पंजीयन का कार्य 10 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया है। जिले में कोदो कुटकी उपार्जन के लिए 16 पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। पुष्पराजगढ़ विकासखंड में सेवा सहकारी समिति राजेन्द्रग्राम, सेवा सहकारी समिति भेजरी, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दमेहड़ी, सेवा सहकारी समिति बेनीबारी, सेवा सहकारी समिति लीलाटोला तथा सेवा सहकारी समिति करपा को पंजीयन केन्द्र बनाया गया है।

### जनसुनवाई में 87 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 87 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके सोनी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी।

### 21925 किसानों ने कराया पंजीयन

**अनूपपुर।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए शासन द्वारा किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जाएगा। उपार्जन के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन 10 अक्टूबर तक किया गया। इस पंजीयन अवधि में जिले के 21925 किसानों ने पंजीयन कराया। इसमें अनूपपुर तहसील अंतर्गत 6586 किसानों, कोतमा तहसील अंतर्गत 6526 किसानों, पुष्पराजगढ़ तहसील अंतर्गत 4532 किसानों तथा जैतहरी तहसील अंतर्गत 4281 किसानों ने पंजीयन कराया।

### उच्च शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार स्वीप कार्ययोजना के तहत राज्य में मतदाता जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से उच्च शिक्षण संस्थानों में विविध अकादमिक एवं रचनात्मक गतिविधियों की शुरूआत की गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छग के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम जिले में दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहले चरण में विद्यार्थियों के बीच लोकतंत्र की भावना को सशक्त बनाने के लिए परिचर्चा, निबंध लेखन एवं नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

## पेट्रोल डालकर घर में आग लगाने की आशंका, जांच में जुटी कोरिया पुलिस

# झुलसने से बुजुर्ग की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में मंगलवार की रात्रि बचरापोंड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत घर में लाग लगने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई, वहीं उसकी पत्नी गंभीर रूप झुलस गई थी, जिसे पहले गंभीर हालत में जिला अस्पताल बैकुंठपुर लाया गया, जहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पीड़ति को रायपुर रिफर कर दिया गया। इस मामले के शुरुआत घर में बम फेंकने की अफवाह उड़ी थी ,लेकिन पुलिस जब मौके पर मौका मुआयना किया तो किसी तरह के बम फेंकने की बात से इनकार किया। फिलहाल मामले की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। मौके पर सूचना मिलने के साथ ही सिटी कोतवाली बैकुंठपुर सहित अन्य जगहों के पुलिस अधिकारी के साथ फारेंसिक एक्सपर्ट पहुंच कर जांच में जुटे हैं।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के पुलिस सहायता केन्द्र बचरापोंड़ी क्षेत्र के ग्राम बडे साल्ही में मंगलवार की रात्रि में रामसाय केंवट उम्र 60 वर्ष तथा उसकी पत्नी पार्वती उम्र 55 वर्ष छोटे से छोटे से मकान में निवास करते थे। घटना दिवस की रात्रि में दो अज्ञात लोग मूंह में कपड़ा बांध कर आए और घर में आग लगा दी। इस घटना में घर के अंदर सो रहे रामसाय झुलस कर दम तोड़ दिया, वहीं उसकी पत्नी पार्वती गंभीर रूप से झुलस गई थी,जिसे गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर लाया गया, जहां से स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पीड़ति को रायपुर रेफर कर दिया गया। सूचना पर रात्रि में ही पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई। वहीं दूसरे दिन बुधवार को फारेंसिक एक्सपर्ट व अन्य पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच घटना स्थल की बारिकी से जांच शुरू कर दी थी। अफवाह यह था कि घर में बम फेंका गया था, जिसे पुलिस ने प्रारंभिक जांच में इनकार कर चुकी है और मामले की सूक्ष्मता के साथ जांच की जा रही है।



घटना स्थल।

### दामाद पर आग लगाने की आशंका

ग्राम बडे साल्ही में आगजनी की घटना में मृतक राय राम केंवट के दामाद पर घर में आग लगाने की आशंका जताई जा रही है। घटना की रात्रि में दो लोग मूंह में कपड़ा बांधकर आए, उनमें से एक मृतक का दामाद होने की आशंका जताई जा रही है। मृतक का दामाद का अपने सास ससुर से विवाद इस बात को लेकर रहता था कि दामाद दो पत्नियां रखा था। इस बात पर पहले भी कई बार विवाद होने की खबर है, तथा दामाद पूर्व में भी बड़ी घटना को अंजाम देने की धमकी भी देता था। सूत्रों के अनुसार मृतक का दामाद 6 माह पूर्व गोली भी चलाया था।

### लूट की नीयत से सर्राफा व्यापारी पर जानलेवा हमला

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 14 स्थित व्हीटीसी कॉलोनी में मंगलवार की रात सर्राफा व्यापारी पर लूट की नीयत से किए गए जानलेवा हमले से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना के बाद से पूरे इलाकेमें दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिश्रा कॉम्प्लेक्स स्थित जोया ज्वेलरी शॉप के संचालक कोची बंगाली रोजाना की तरह मंगलवार की रात करीब 9 बजे दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। उसी दौरान तीन नकाबपोश युवक उनके घर के पास हॉकी स्टिक लेकर पहले से घात लगाए बैठे थे। जैसे ही व्यापारी रात करीब 9:20 बजे घर पहुंचे, तीनों ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से व्यापारी सड़क किनारे गिर पड़े। आरोपियों ने उन पर बेरहमी से वार किए, जिससे उनके हाथ और सिर पर गंभीर चोटें आईं। व्यापारी की चीख-पुकार सुनकर उनकी पत्नी बाहर आईं तो हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर हमलावर वहां से फरार ⏭ शेष पेज 4 पर



- पत्नी पर भी हमला, क्षेत्र में फैली दहशत, पुलिसिंग व्यवस्था पर उठे सवाल

## कांग्रेस कार्यालय से टकराकर पलटी गाड़ी, बड़ी दुर्घटना टली




दुर्घटनाग्रस्त स्कार्पियों वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 3 स्थित विवेकानंद कॉलोनी मुख्य मार्ग पर मंगलवार की रात लगभग 11:30 बजे एक तेज रफ्तार स्कार्पियों वाहन ने जबरदस्त हादसे को अंजाम दिया।

अनियंत्रित हुई स्कार्पियों कांग्रेस कार्यालय के शटर से टकराकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सौभाग्य से उस समय सड़क पर कोई राहगीर मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन क्रमांक सीजी 13 यूए 5041 पुराना थाना की दिशा से तेज रफ्तार में विवेकानंद चौक की ओर बढ़ रही थी। अचानक चालक ने नियंत्रण खो दिया और स्कार्पियों सीधे कांग्रेस कार्यालय के शटर से जा टकराई। जोरदार टक्कर से वाहन पलट गया और कार्यालय के अंदर रखे सामान व शीशे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि स्कार्पियों में करीब 8 से 10 युवक और बच्चे सवार थे, जो घटना के तुरंत बाद मौके से फरार हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि कार्यालय के सामने लगे खंभे टूट गए और सड़क किनारे रखी वस्तुएं भी क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस नेता भूपेन्द्र यादव और स्थानीय नागरिक मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर आए दिन तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे क्षेत्रवासी भयभीत हैं। गौरतलब है कि 5 अक्टूबर को भी इसी स्थान पर एक कार ने नियंत्रण खोकर खंभे और पांच बाइक को टक्कर मार दी थी। लगातार हो रही दुर्घटनाओं से ⏭ शेष पेज 4 पर

## गर्ल्स कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 14 अक्टूबर को स्वीप कार्ययोजना के अंतर्गत मतदाता जागरूकता से संबंधित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. सुमित कुमार डे के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हुए इन कार्यक्रमों का उद्देश्य आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत, निर्भीक मतदान के लिए युवाओं एवं नागरिकों को प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित असेम्बली से हुई, जहां उपस्थित समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्राओं को डॉ. डे द्वारा निर्भीक और निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात छात्राओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वोटर हेल्पलाइन मोबाइल ऐप की जानकारी दी गई और उन्हें अपने मोबाइल में ऐप इंस्टॉल कराया गया। इसी दौरान मतदाता सूची में नाम पंजीयन, विलोपन तथा स्थानांतरण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा निर्वाचन ⏭ शेष पेज 4 पर




### चरचा आरओ में गंदे पानी की सप्लाई

**चरचा कॉलरी।** एसईसीएल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चरचा आरओ कॉलोनी में हजारों की संख्या में कोल कर्मी और उनके परिवार निवासरत हैं। जानकारी के अनुसार चरचा आरओ कॉलोनी में लंबे समय से सप्लाई किए जा रहे पानी की गुणवत्ता बेहद खराब है। पानी में बदबू और गंदगी की शिकायतें आम हैं, जिससे कॉलोनीवासी मजबूरीवश वहीं अस्वच्छ पानी पीने को विवश हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कंपनी प्रशासन की लापरवाही के चलते यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय यूनियन प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि एसईसीएल प्रबंधन मनमानी कर रहा है और कर्मचारियों की बुनियादी सुविधाओं की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस एवं पोषण पखवाड़ा मना

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 15 अक्टूबर को अंतर्राष्टीय बालिका दिवस एवं पोषण पखवाड़ा के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में कनिष्ठ महिला विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती दीपिका पटेल उपस्थित रहीं। उनके साथ विभागीय टीम में श्रीमती अनुराधा तिवारी, खुशबू कुमारी एवं कुमार गौरव शामिल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। उन्होंने बालिकाओं के सर्वांगीण विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को आज के समय की आवश्यकता बताया। मुख्य वक्ता श्रीमती पटेल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी होना अपने आप में एक बड़ी पहचान है, वह घर, परिवार और कार्यस्थल तीनों की जिम्मेदारी निभाती है, इसलिए उसका स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने एनिमिया रक्ताल्पता की समस्या पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि महिलाएं और बालिकाएं इस रोग की अधिक शिकार होती हैं, इससे बचाव के लिए उन्होंने आयरन युक्त एवं संतुलित आहार लेने की सलाह दी। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित सखी सेंटर एवं सखी सदन योजना के बारे में भी जानकारी दी, जिनका उद्देश्य महिलाओं को सहायता, सुरक्षा और सशक्तिकरण प्रदान करना है। कार्यक्रम का मंच संचालन विनय कुमार गुप्ता ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती कनकलता पैकरा द्वारा किया गया।




## रामानुज कॉलेज में मतदाता जागरूकता पर विविध कार्यक्रम

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया के मार्गदर्शन, प्राचार्य डॉ.एमसी हिमधर के संरक्षण तथा स्वीप नोडल प्राध्यापक अनुरंजन कुजूर के संयोजन में शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में मतदाता जागरूकता संबंधी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ना और लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इस अवसर पर कु. पूजा पंकज ने मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात स्वीप नोडल प्राध्यापक अनुरंजन कुजूर ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पहले चरण में लोकतंत्र बनाम चुनावी राजनीति क्या हम असली मुद्दों से भटक रहे हैं, विषय पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। इसमें प्रथम स्थान आशा राजवाड़े, द्वितीय स्थान विकास खटिक, तृतीय स्थान सुशील कुमार ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में भूपेन्द्र सिंह, डॉ. अर्चना पांडेय एवं पुष्पराज सिंह सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुलदीप ओझा द्वारा किया गया, इसके बाद लोकतंत्र में निर्वाचन प्रक्रिया पर मीडिया की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें प्रथम स्थान ज्योत्स्ना एक्का, द्वितीय रीता एवं तृतीय स्थान: अपर्णा सिंह रहीं। इस प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डॉ. गौरव कुमार मिश्रा, डॉ. विनय कुमार शुक्ला, डॉ. बृजेश कुमार पांडेय एवं डॉ. रामयश पाल की ⏭ शेष पेज 4 पर



## नई लेदरी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथसंचलन



**मनेन्द्रगढ़।** विजयदशमी के शुभ अवसर पर राष्टीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के हसदेव मंडल द्वारा आयोजित पद संचलन में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम नई लेदरी के बंगाली दुर्गा पंडाल से प्रारंभ होकर विभिन्न वार्डों और कालोनियों के मार्ग से होते हुए संपन्न हुआ। पद संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने अनुशासित पैदल मार्च किया और बंगाली दुर्गा पंडाल में देवी का आशीर्वाद वचन प्राप्त किया। इस अवसर पर संघे शक्ति कलियुगे का उद्घोष पूरे मार्ग में गूंजता रहा, जिससे कार्यक्रम में देशभक्ति और सामाजिक चेतना की भावना स्पष्ट रूप से झलक रही थी।

## पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

# ओबीसी वर्ग की प्रगति के लिए एकजुट होकर करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए सभी विभागों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि समाज की सशक्तता तभी संभव है जब योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

उन्होंने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि पिछड़ा वर्ग के अधिक से अधिक हितग्राही शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हों। बैठक में आयोग के सदस्य यशवंत सिंह वर्मा, बलदाऊ राम साहू, हरिशंकर यादव और कृष्णा गुप्ता, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण, मनरेगा, पशु चिकित्सा, उद्यानिकी, मत्स्य, खाद्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, उद्योग व्यापार केन्द्र, कौशल विकास, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई। अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने ओबीसी छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव शीघ्र भेजने, स्कॉलरशिप योजना का लाभ सभी पात्र विद्यार्थियों को दिलाने, तथा पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनाते समय क्रीमी एवं नॉन क्रीमी लेयर के प्रावधानों का पालन किया जाए। साथ ही पिछड़ा वर्ग के लोगों को चिन्हित व्यवसायों में सहकारी समितियां बनाकर सामूहिक रूप से कार्य करने की अपील की, जिससे समाज की आर्थिक सशक्तता को बल मिलेगा। अध्यक्ष ने युवाओं से कहा कि वे तकनीकी शिक्षा अपनाएं, सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, गांवों में जाकर जनता से संवाद करें और समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। श्री विश्वकर्मा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के तहत यह विगत वर्ष यह आयोग का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि देश में पहली ⏭ शेष पेज 4 पर



बैठक लेते पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष।

## धरना प्रदर्शन के कारण अवरुद्ध रहा मार्ग




**बैकुण्ठपुर।** शहर के ओड़गी नाका मुख्य मार्ग पर बुधवार को अपरान्ह कुछ देर के धरना प्रदर्शन के कारण मुख्य मार्ग पर यातायात अवरूद्ध रहा। परिवर्तित मार्ग से वाहनों की आवाजाही हो रही थी, लेकिन कलेक्टर कार्यालय की ओर से कुछ दुपहिया वाहन चालक मुख्य मार्ग से सीधे धरना स्थल तक पहुंच गए, जहां मार्ग को अवरूद्ध कर दिया गया था। यहां पर लोगों को काफी समय तक सड़क पर रूकना पड़ा। प्रशासनिक अधिकारियों के धरना स्थल पर पहुंचने पर प्रदर्शनकारियों के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया, इसके बाद अवरूद्ध मार्ग को आवागमन के लिए पुलिस कर्मियों द्वारा खोला गया। इस दौरान एक एम्बुलेंस भी मुख्य मार्ग से धरना स्थल पर जैसे ही पहुंची, वैसे ही एम्बुलेंस को आगे जाने दिया गया, लेकिन तत्काल मार्ग अवरूद्ध कर दिया गया। इस तरह मुख्य मार्ग पर कुछ देर तक प्रदर्शनकारियों द्वारा अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जाने तक धरना दिए जाने से आवागमन बाधित रहा।

## खबर संक्षेप

### किसानों को बांटे गए मछली बीज



**बैकुण्ठपुर।** कृषि विभाग की योजना रेनफेड एरिया डेवलपमेंट वर्ष 2025-26 के तहत कृषि विभाग द्वारा कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के दिशा-निर्देश व उप संचालक कृषि राजेश कुमार भारती के मार्गदर्शन में मंगलवार को जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मनसुख में 100 किसानों को मछली बीज का निःशुल्क वितरण जनपद अध्यक्ष बैकुंठपुर उदय सिंह, कृषि स्थाई समिति के सभापति राजू साहू, सरपंच मनसुख श्रीमती दिल कुंवर के हाथों वितरीत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वंदना सिंह श्याम, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी टीएस परस्ते, राकेश पैकरा सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### निर्माण विभागों की कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में विभिन्न निर्माण विभागों द्वारा संचालित अधोसंरचना एवं कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों के अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर कार्यों की पूर्णता पर जोर दिया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी सहित विभिन्न निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को विभिन्न निर्माण विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर पोर्टल पर समस्त निर्माण कार्यों की जानकारी फीड करने के निर्देश दिए।

### तंबाकू और नशा मुक्त स्कूल-कॉलेज अभियान का शुभारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार के स्कूल शिक्षा मंत्रालय उच्च शिक्षा मंत्रालय एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त प्रयासों से देशभर में तंबाकू और नशा मुक्त स्कूल-कॉलेज अभियान को सशक्त रूप से लागू करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्राप्त संयुक्त पत्र के अनुसार युवाओं में तंबाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने तथा देश को तंबाकू मुक्त पीढ़ी की ओर अग्रसर करने के उद्देश्य से तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का शुभारंभ विगत 9 अक्टूबर से किया गया है। यह अभियान बच्चों और युवाओं को तंबाकू एवं नशे के सेवन से दूर रखने, उन्हें शिक्षित और सशक्त बनाने तथा जो इसका सेवन छोड़ना चाहते हैं उन्हें सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।

## अब चक्रवाती तूफान एवं विक्षोभ के प्रभाव से होगी वर्षा

# सरगुजा संभाग से वापस लौटा मानसून

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

सरगुजा संभाग से अंततः सोमवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून विदा हो गया। अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने के बाद मानसून ने अपनी वापसी की यात्रा तेज गति से पूरी की तथा बिहार, झारखंड, आधे ओडिशा के साथ्ज्ञ पूर्वी व मध्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र से वापसी की यात्रा पूरी कर ली।

30 सितंबर को मानसून सत्र समाप्त होने के साथ ही मानसून की विदाई शुरू हो जाती है। इस बार भी अपने निर्धारित समय से राजस्थान से मानसून की वापसी शुरू हो गई थी लेकिन खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर एवं चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से मानसून स्थिर पड़ गया तथा 26 सितंबर से 9 अक्टूबर तक स्थिर पड़ा रहा। लो प्रेशर एवं चक्रवाती परिसंचरण के प्रभावी होने पर 10 अक्टूबर से मानसून अपनी वापसी की यात्रा पर अग्रसर हुआ। इधर हवा दिशा बदलने एवं उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ से मानसून को गति मिली और मानसून ने तीन दिन में ही बिहार, झारखंड, आधे उड़ीसा उत्तर व मध्य छत्तीसगढ़ से वापसी की यात्रा पूरी कर ली। यह यात्रा पूरी करने के बाद मानसून मध्य भारत एवं उत्तर भारत के अधिकांश इलाकों से वापस हो गया है। मानसून के वापस लौटने के बाद अब खाड़ी में ताकतवर चक्रवात तूफान एवं परिसंचरण के सक्रिय होने अथवा ताकतवर पक्षुआ विक्षोभ के सक्रिय होने पर ही बारिश होगी। अक्टूबर के महीने भी लगातार पक्षुआ विक्षोभ सक्रिय हुआ लेकिन कमजोर होने के कारण उनका प्रभाव छत्तीसगढ़ नहीं पहुंची। नवम्बर एवं दिसम्बर में पछुआ विक्षोभ तो सक्रिय होते है लेकिन कमजोर होने के कारण वर्षा नहीं होती। जनवरी में पछुआ विक्षोभ की वर्षा कंपकंपी बढ़ाने का काम करती है7 इस दौरान कई बार ओला गिरने की घटनाएं होती है। मानसून सरगुजा से विदा हो गया है लेकिन अभी भी वातावरण में नमी की कुछ मात्रा बची है। नमी के प्रभाव से मौसम विज्ञान आगामी दो-तीन दिनों तक कहीं-कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे है। अक्टूबर महीने में अब तक 78.8 मिनी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस बार मानसून शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग के लिए अच्छा रहा तथा शहर सहित पूरे संभाग भर में अच्छी वर्षा हुई। इस बार मानसून 3 दिन विलम्ब से 18 अक्टूबर को पहुंचा था तथा 3 दिन विलम्ब से विदा हुआ। मानसून की दस्तक के बाद जून में 39.8 मिमी, जुलाई में 662.9 मिमी, अगस्त में 374.2 मिमी, एवं सितंबर में 180.0 मिमी कुल 1465.9 मिमी वर्षा हुई। इस बार मानसून काल में 87 दिन वर्षा हुई। सामान्यतया सरगुजा में औसत 1222.0 मिमी वर्षा होती है। इस बार औसत से 243.9 मिमी अधिक वर्षा दर्ज की गई। इसके पूर्व वर्ष 2001 में रिकार्ड 1815.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। वहीं गत वर्ष 1357.1 मिमी वर्षा हुई थी। औसत से अधिक वर्षा होने के कारण छोटे बड़े सभी सिंचाई बांध लबालब हो गए है तथा धान के फसल की स्थिति काफी अच्छी है।

### अभी बची है कुछ नमी, अब होगी तापमान में गिरावट




#### पछुआ बढ़ाएगी ठंड

अभी हवा की दिशा में लगातार बदलाव हो रहा है। दिन में पश्चिमी व पूर्वोत्तर की हवा वहीं शाम में पश्चिमोत्तर की हवा चल रही है जिसके कारण मौसम में उतार चढ़ाव का क्रम जारी है। पिछले तीन चार दिनों से पूरे दिन आसमान पर बादल छाए रहने के कारण न्यूनतम पारा गिरकर 17.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। रविवार को धूप निकलने बाद सोमवार को तापमान 1.4 डिग्री की वृद्धि हुई है। मौसम विज्ञानी अभी मौसम में उतार चढ़ाव जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम साफ होने के बाद पश्चिम एवं पश्चिमोत्तर हवाएं चलने पर तापमान में गिरावट होने के साथ ही ठंड बढ़ने का अनुमान लगा रहे है।

#### वापस हुआ मानसून

सोमवार को दक्षिण पश्चिम मानसून की सरगुजा संभाग से वापसी हो गई है। फिलहाल मौसम में उतार चढ़ाव का क्रम जारी रहने की संभावना है।

**अक्षय मोहन भट्ट,**
मौसमी विज्ञानी

## पृष्ठ 1 का शेष

### लूट की नीयत...

हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल सर्राफा व्यापारी को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि धनतेरस पर्व नजदीक होने के कारण व्यापारी ने अपने घर पर सोने-चांदी के आभूषणों का स्टॉक मंगवाया था। आशंका जताई जा रही है कि हमलावरों को इस बात की जानकारी पहले से थी और वे लूट की नीयत से ही घात लगाए बैठे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया, परंतु देर रात तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया था। पुलिस ने अज्ञात तीन नकाबपोश युवकों के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि चरचा क्षेत्र में बीते कुछ समय से आपराधिक घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। नशे का अवैध कारोबार और पुलिस प्रशासन की लापरवाही के चलते चोरी, लूटपाट व हमलों की घटनाएं आम हो चुकी हैं। नागरिकों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध तत्वों पर निगरानी रखने तथा नशे के अवैध व्यापार पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अपराधों पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो क्षेत्रवासी आंदोलन करने को विवश होंगे।

### स्कार्पियों ने मचाया...

विवेकानंद कॉलोनी और आसपास के लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में नाबालिगों और नशे की हालत में ड्राइविंग करने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। शाम और रात के समय तेज रफ्तार वाहनों का आवागमन आम बात बन चुकी है। सूचना मिलने पर चरचा पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में चालक के नशे की हालत में वाहन चलाने की पुष्टि हुई है। इस मामले में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वाहन मालिक पर भी कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। नागरिकों ने नगर पालिका से मांग की है कि सड़क किनारे सुरक्षा बैरिकेड, स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेत बोर्ड लगाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके। साथ ही रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने और नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखने की भी मांग की गई है। अंत में नागरिकों ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें और उन्हें यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करें।

### कन्या महाविद्यालय में...

आयोग द्वारा निर्धारित चार अर्हता तिथियों 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर की विस्तृत जानकारी साझा की गई, इसके बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छग के सोशल मीडिया लिंक एवं दफ कोड स्कैन कर जोड़ने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया गया। तत्पश्चात उक्त असेम्बली को मतदाता जागरूकता रैली में परिवर्तित किया गया। यह रैली ग्राम तलवापारा तक निकाली गई, जिसे सहायक प्राध्यापक भारत सिंह ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में छात्राओं और शिक्षकों ने मतदान के लिए प्रेरक नारे लगाते हुए जनजागरूकता का संदेश दिया। ग्राम पंचायत तलवापारा पहुंचने पर छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, इसमें चंद्रप्रभा, संगीता, रीनु एवं प्रियंका आदि ने प्रभावी प्रस्तुति देकर मतदाता जागरूकता का सशक्त संदेश दिया। इसी दिन महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न अकादमिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं।

### रामानुज कॉलेज में...

सक्रिय भूमिका रही। द्वितीय चरण में महाविद्यालय प्रांगण में मतदाता सूची में नाम जोड़ने और लोभ-प्रलोभन मुक्त मतदान के विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक में धनेश्वर, डोलिमा, अपर्णा, नीरज, लवकुश, तनिषा, अनुज, चांसी, सुप्रिया, संजना, निर्जला, सुशील एवं प्रवेश ने अभिनय करते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने प्रस्तुति की सराहना की। अंत में प्राचार्य डॉ.एमसी हिमधर ने अपने उद्बोधन में लोकतंत्र में मतदान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यमों की जानकारी दी।

### ओबीसी वर्ग की...

बार जाति जनगणना 1932 में हुआ था। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग को मिलाकर 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं चाहिए। छग में 95 जातियों को अन्य पिछड़े वर्ग में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों में 33 प्रतिशत तथा पंचायत में 57 प्रतिशत आबादी ओबीसी वर्ग की है।

### बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए आवेदन 17 तक

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग द्वारा बीएससी नर्सिंग कोर्स के लिए पात्र उम्मीदवारों की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। 9 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 14 अक्टूबर तक की गई थी, पुनः ऑनलाइन आवेदन की तिथि में 17 अक्टूबर तक वृद्धि की गई है। संचालक चिकित्सा शिक्षा छग के निर्देशानुसार बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन सूचना शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रदेश के शासकीय एवं निजी नर्सिंग महाविद्यालयों में संचालित बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया।

## आयुर्वेद के महत्व पर स्वर्ण प्राशन संस्कार



**मनेन्द्रगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार को पुष्य नक्षत्र के शुभ अवसर पर बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन के लिए स्वर्ण प्राशन संस्कार का आयोजन किया गया। डॉ. पूर्णिमा सिंह के मार्गदर्शन में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ.मेघा गुप्ता ने बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेवी सुंदरलाल दुग्गड़, अध्यक्षता विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष समाजसेवी महेन्द्र जैन तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. मेघा गुप्ता, रामचरित द्विवेदी और प्रेम कुमार यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप पज्जवलन के साथ हुआ। विद्यालय प्राचार्य विनोद शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वर्ण प्राशन संस्कार की परंपरा और बच्चों के स्वास्थ्य पर इसके लाभों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि सुंदर लाल दुग्गड़ ने कहा कि भारतीय संस्कृति में आयुर्वेद केवल उपचार नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक स्वस्थ पद्धति है। बच्चों में प्रारंभ से ही ऐसे संस्कार डालना उनके उज्जवल भविष्य की नींव है।

## दलहन-तिलहन में उछाल, धान के रकबे में कमी

**बैकुण्ठपुर।** छग में विगत वर्ष धान की बंपर पैदावार के बावजूद अब किसानों में पारंपरिक फसलों के साथ अन्य फसलों की ओर रूझान बढ़ने लगा है। कोरिया जिले के किसान अब धान के अलावा दलहन, तिलहन की खेती में भी रुचि ले रहे हैं, जिससे फसल विविधीकरण की दिशा में एक सकारात्मक परिवर्तन देखा जा रहा है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार खरीफ वर्ष 2024-25 में जिले में 33,842 हेक्टेयर में धान की बुवाई की गई थी, जबकि वर्तमान खरीफ वर्ष 2025-26 में 32,920 हेक्टेयर में धान बोए गए हैं।

इस प्रकार 922 हेक्टेयर क्षेत्रफल में (2.75 प्रतिशत) कमी दर्ज की गई है। जिले में दलहन और तिलहन फसलों के रकबे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विगत वर्ष 9,194 हेक्टेयर में दलहन की खेती की गई थी, जबकि इस वर्ष यह बढ़कर 9,730 हेक्टेयर हो गई है यानि 536 हेक्टेयर (5.82 प्रतिशत) की वृद्धि की गई है। वर्ष 2024 में 1,874 हेक्टेयर क्षेत्र में तिलहन की बुवाई हुई थी, जबकि वर्तमान वर्ष में यह बढ़कर 2,272 हेक्टेयर तक पहुंच गई है यानी 398 हेक्टेयर (21.23 प्रतिशत) की बढ़ोतरी हुई है। मूंगफली फसल की बात करें तो इसमें भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। पिछले वर्ष 933 हेक्टेयर में बुवाई की गई थी, जबकि इस वर्ष यह बढ़कर 1,520 हेक्टेयर हो गई है यानि 587 हेक्टेयर (38.61 प्रतिशत) की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेश के किसानों और ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उठाए गए ठोस कदमों का ही यह परिणाम है कि अब जिले के किसान फसल विविधीकरण की ओर अग्रसर हो रहे हैं। जिले के किसान धान के अलावा दलहन, तिलहन फसलों के माध्यम से अपनी आमदनी बढ़ाने में रूचि ले रहे हैं। आने वाले समय में कोरिया जिला दलहन-तिलहन उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी जिलों में शामिल होगा।

### नार्थ झगराखंड में सात दिवसीय भक्ति महोत्सव



मनेन्द्रगढ़। स्व.लेखराम देवांगन एवं स्व. श्रीमती गंगाबाई देवांगन की स्मृति में देवांगन परिवार द्वारा श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत श्रीमद्भागवत पुराण कथा का भव्य आयोजन किया गया। यह सात दिवसीय आध्यात्मिक भक्ति महोत्सव उनकी स्मृति को समर्पित था, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु एवं नगरवासी शामिल हुए। आयोजन में पंडित श्रीलोक पांडेय महाराज ने कथा वाचन कर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं भक्तिरस के अमृत से सभा को अभिभूत कर दिया।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, श्रद्धालुओं को मिलेगा मथुरा-वृंदावन दर्शन का लाभ

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन द्वारा श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक भावना को सम्मान देते हुए निरंतर रूप से संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के लिए भी एक नया अवसर प्राप्त हुआ है। इस योजना के तहत जिले के 10 पात्र तीर्थयात्रियों का चयन किया गया है, जिन्हें 20 नवंबर से 23 नवंबर तक पवित्र स्थल मथुरा, वृंदावन और श्रीकृष्ण जन्मभूमि की धार्मिक यात्रा का सौभाग्य प्राप्त होगा। शासन द्वारा की जा रही यह पहल न केवल वरिष्ठ नागरिकों की धार्मिक आकांक्षा को पूरा करने की दिशा में एक कदम है बल्कि यह समाज के उन वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक भी है, जो आर्थिक अभाव या सामाजिक परिस्थिति के कारण तीर्थ यात्रा करने में असमर्थ रहते हैं। इस योजना का लाभ विशेष रूप से उन वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं को दिया जाएगा जो 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं तथा शारीरिक और मानसिक रूप से तीर्थ यात्रा के योग्य हैं। इच्छुक पात्र जन अपने आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में 5 नवंबर तक अपने क्षेत्र के जनपद पंचायत या नगरीय निकाय कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

धनतेरस व दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सलमान ट्रेडर्स एण्ड हार्डवेयर्स




सलमान ट्रेडर्स एण्ड हार्डवेयर्स संस्थान
त्यौहारों के अवसर पर आप अपने घर को सुंदर व आकर्षक बनाये, हम देंगे आपको किफायती दरों में घरों के साज सज्जा के सामान व रंग रोगन
उपलब्ध समान
▶ प्लाई, दरवाजा, पेंट, डिस्टेम्पर, व्हाईट सीमेन्ट, पुट्टी
▶ सभी प्रकार के सेनेटरी समान उपलब्ध ▶ नल, टंकी, पाईप एवं नल फिटिंग के सभी समान
▶ एल्यूमिनियम सेक्सन और एसीपी के सभी कार्य
▶ सभी प्रकार के टूल्स एवं पावरटूल्स ▶ सभी प्रकार के पम्प उपलब्ध
▶ भवन निर्माण संबंधी सभी प्रकार के समान किफायती दर पर उपलब्ध
सभी प्रकार के पेंट, डिस्टेंम्पर एवं समस्त सामाग्री पर विशेष छूट का लाभ उठाये
हमारी संस्थान में पेंटर, कारपेंटर, प्लम्बर उपलब्ध हैं
-: विशेष:-
हमारी संस्थान से वॉल पेपर एवं फाल्स सिलिंग की सुविधा उपलब्ध हैं।




महलपारा रोड, बैकुण्ठपुर जिला कोरिया, मो. - 7415305300, 7000282110

TOP IN KORIYA

प्रवेश प्रारंभ
राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
B.SC. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स) योग्यता- 12वीं (बायो + P.N.T.) न्यूनतम 45% से उत्तीर्ण
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स) योग्यता- 12वीं किसी भी विषय से 40% से उत्तीर्ण
हर्रापारा, बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)
छ.ग. शासन के नियमानुसार काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश की जानकारी (दिशा-निर्देश) हेतु संपर्क करें
छ.ग. शासन, आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष वि.वि. से मान्यता प्राप्त
स्कॉलरशीप- शासन के नियमानुसार 100% जॉब की गारंटी
पता - होटल गंगा श्री के पीछे वार्ड नं. 01 हर्रापारा, बैकुण्ठपुर, जिला- कोरिया (छ.ग.) मो. 9301618774, 6267331210, 9399620536
mail id- rajwade.inst.nursing@gmail.com website- www.rajwadeinstitute.in

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

Run By: New Life Health & Education Society
"न्यू लाईफ" इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बैकुण्ठपुर
बैंक ऑफ इण्डिया के बगल में, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) 497335
Contact-7909486006,7909977703,07836-232359
प्रवेश प्रारंभ 2025-26 बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय) 12th-Bio+PNT
छ.ग. शासन,आई.एन.सी., सी.जी.एन.आर.सी. एवं आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
12वीं पास छात्र एवं छात्राओं हेतु नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
शासन द्वारा समस्त छात्रवृत्ति का लाभ
AI TOLL FREE No. 08068890538 (24X7)
हॉस्टल, बस, मेस, आधुनिक लाईब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, प्रायोगिक लैब इत्यादि की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षण संस्थान: जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना | रीजनल हॉस्पिटल चरचा

online Booking:-www.tripuryatra.com
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- [+5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411